छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

तृतीय विधान सभा नवम् सत्र अंक-06

रायपुर, शनिवार, दिनांक 17 मार्च, 2012

(फाल्गुन-27, शक संवत 1933)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. बधाई

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि आज माननीय श्री नंदकुमार साहू का जन्म दिवस है। मैं अपनी तथा सदन की ओर से उनका अभिनंदन करता हूं एवं शुभकामनाएं देता हूं।

2.वर्ष 2012-2013 के आय-व्ययक का उपस्थापन

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने वर्ष 2012-2013 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से दिनांक 19 एवं 20 मार्च, 2012 की तिथियाँ आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए नियत की।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा की गई कि - आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचना सोमवार, दिनांक 19 मार्च, 2012 को मध्याह्न 12.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती है। कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने के प्रपत्र सूचना कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

अपराह्न 12.38 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनाँक 19 मार्च, 2012 (फाल्गुन, 29 शक संवत् 1933) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा